	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुए
11/2/26	प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली तलब किये जाने वादी की ओर से पेश हुआ। प्रार्थना पत्र क़ा अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र में वादी की ओर से निवेदन किया गया है कि वादी एवं प्रतिवादी के मध्य राजीनामा हो गया है। वादी उक्त वाद को विड्रो करवाना चाहता है अतः पत्रावली आगामी पेशी 16.02.2026 से तलब किये जाने की कृपा करें। वादी के निवेदन को स्वीकार कर पत्रावली आगामी पेशी 16.02.2026 से आज तलब की गई। वादी की ओर से प्रार्थना पत्र वास्ते राजीनामा हो जाने से वाद को एजविड्रोन खारिज किये जाने बाबत पेश किया। वादी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि वादी एवं प्रतिवादी के मध्य राजीनामा हो चुका है जिस कारण से वादी इस वाद में अग्रिम किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रकरण को एज विड्रो खारिज फरमाया जावे। पत्रावली एवं प्रार्थना पत्र वास्ते राजीनामा हो जाने से वाद को एजविड्रोन खारिज किये जाने बाबत का अवलोकन किया गया। चूंकि वादी स्वयं हस्तगत प्रकरण को आगे नही चलाना चाहता है जिस कारण से प्रकरण में कोई कार्यवाही अपेक्षित नही है। अतः वादी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते राजीनामा हो जाने से वाद को एजविड्रोन खारिज किये जाने बाबत स्वीकार कर हस्तगत प्रकरण एज विड्रो खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर कम होकर दाखिल दफ्तर हो।	

उपखण्ड अधिकारी
कोटा